हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–261 : जौनपुर, मंगलवार 25 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## जनपद जौनपुर में धूमधाम से मनाया गया 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस जनपद में धूमधाम से मनाया गया। सभी विधानसभा में आरओ द्वारा सभी विभागों में विभागाध्यक्ष द्वारा मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा मतदाता शपथ दिलायी गयी। मुख्य कार्यक्रम टी0डी0 इण्टर कालेज के मैदान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यगण ने अतिर्थियों को बुके देकर मतदाता जागरुकता स्टीकर लगाकर स्वागत किया। जनक कुमारी इंटर कालेज की छात्राओं ने स्वागत गीत व मतदाता जागरूकता गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। रचना विशेष विद्यालय की मूकबधिर छात्रा मुस्कान कुमारी ने द्विव्यांग लोगो को मतदान करने हेतु साइन लैग्वेज अंदाज में जागरुक किया। इस अवसर पर मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु आंनलाइन गायन प्रतियोगिता में प्रथम आशीष पाठक, द्वितीय अरुण कुमार पटेल पवारा, तृतीय राजमणि शाहगंज रहे तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ सदर विधानसभा से बिलकीस बानो, सीमा साहू, मल्हनी विधानसभा से अल्का सिन्हा, शशि सिंह, जफराबाद विधानसभा से वन्दना देवी, संयोगिता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मतदाता जागरुकता में बेहतर कार्यक्रम आयोजित करने वाले कालेजों सर्वोदय इण्टर कालेज खुदौली, मो0 हसन इ0 कालेज, गुलाबी देवी बालिका इ0कालेज, तिलकधारी महिला महाविद्यालय, रजा डीएम शिया इ0 कालेज, टी0डी0 इ0कालेज, जनककुमारी इ0 कालेज, बीआरपी इ0 कालेज, परिचय एण्ड एजेन्सी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस वर्ष की थीम चुनाव को समावेशी, सुगम और सहभागी बनाना विषय पर–रंगोली, मेंहदी, पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता आज आयोजित हुई। अतिथियों ने छात्र–छात्राओं द्वारा बनाये गये रंगोली, पोस्टर, स्लोगन तथा मेंहदी का अवलोकन किया तथा सरहना की। रंगोली प्रतियोगिता में टी.डी. इं.का. प्रथम, जनक कुमारी इण्टर कालेज द्वितीय, गुलाबी देवी बालिका इ0 कालेज तृतीय, मेंहदी प्रतियोगिता में पूजा कनौजिया प्रथम, नन्दनी यादव द्वितीय, शिल्पी गुप्ता एवं विपाशा यादव को तृतीय, पोस्टर में प्रज्ञा सिंह प्रथम, शाईस्ता




परवीन द्वितीय व दिव्यांशी यादव तृतीय, स्लोगन में आयुषी यादव प्रथम, युतिका सिंह द्वितीय एवं निकिता मौर्य तृतीय को पुरस्कार के रुप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूर्व में आयोजित मतदाता जागरुकता पतंग प्रतियोगिता के विजेताओं को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकरी ने छात्र/छात्राओ, शिक्षकों, कर्मचारियों व उपस्थित अन्य लोगों को मतदाता शपथ दिलायी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई तथा निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 जनवरी 2011 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाना घोषित हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सबकी भागीदारी जरूरी है इसलिए जनपद के सभी मतदाता विधानसभा चुनाव में 07 मार्च को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और अपने जनपद के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करे, जिससे मजबूत लोकतंत्र की स्थापना हो। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वोटर हेल्पलाइन, सी–विजिल, केवाईसी व पीडब्ल्यूडी आदि एप के बारे में लोगो को जागरुक किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि हर मतदाता को गर्व करना चाहिए कि उसे मतदाता के रुप में महत्वपूर्ण अधिकार प्राप्त है इसलिए मैं जनपद वासियों से अपील करता हूॅ कि 07 मार्च को अपना मतदान अवश्य करे। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश ने कहा कि जनपद में 131492 नये मतदाता बने है, जेण्डर रेशियों में भी वृद्धि हुई है। अब सभी मतदाताओं की जिम्मेदारी है कि अपना कतर्व्य निभाते हुए 07 मार्च को मतदान मे भागीदारी अवश्य ले। आभार जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 राजकुमार पण्डित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने व्यक्त किया। संचालन जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सै0 मोहम्मद मुस्तफा ने किया। निर्णायक मण्डल में प्रीति गुप्ता, डा0 जेपी सिंह, डा0 उदय सिंह, जितेन्द्र प्रताप सिंह रहे। इस अवसर पर प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ब्रजेश चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य डा0 विरेन्द्र प्रताप सिंह, विपनेश कुमार श्रीवास्तव, डा0 मनोज वत्स, डा0 अलमदार नजर, डा0 वन्दना सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में छह बदमाश गिरफ्तार एक को लगी गोली : दो फरार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मड़ियाहूं कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार देर रात पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में शातिर अपराधी मो0 गुरफान को गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने मौके से उसके पांच अन्य साथियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी की एक सेन्ट्रो कार, लूट का मोबाइल फोन ,रुपये व तमंचा कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अजय शाहनी द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देश व क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के नेतृत्व में सोमवार रात्रि में मडियाहूँ अन्तर्गत बसुही पुलिया के पास सरौना गांव में पुलिस मुठभेड में छ अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया व दो अभियुक्त मौके से फरार हो गये। गिरफ्तार हुए अभियुक्तो में से एक अभियुक्त गुफरान को पुलिस मुठभेड मे गोली लगी है। पुलिस के अनुसार मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि बीते दिनों मडियाहूँ मे ट्रक लूट की घटना करने वाले अभियुक्तगण चार पहिया गाडी से बसुही नहर पुलिया की तरफ पुनः कोई घटना को अन्जाम देने के लिए आ रहे है । इस सूचना पर थाना से अन्य फोर्स लेकर पुलिस मडियाहूँ बसुही नहर पुलिया के पास पहुंचे तो देखा कि जौनपुर की तरफ से एक सफेद रंग की सैन्ट्रो कार आती हुयी दिखायी दी जिसके द्वारा एक ट्रक को ओवरटेक कर रोक लिया गया, ट्रक रूकने पर सैन्ट्रो कार में सवार व्यक्ति हाथ मे असलहे लिये हुए ट्रक की तरफ बढे और असलहे के दम पर ट्रक का गेट खुलवाने का प्रयास करने लगे एक बारगी दबिश बदमाशो को ललकारा गया बदमाश पुलिस को देख भागने लगे पुलिस की दोनों टीमो द्वारा बदमाशो को दौड़ाकर घेर लिया गया। अपने को घिर समझकर बदमाश कार छोड़कर सड़क के तरफ सरसो के खेत मे छिप गये पुलिस ने पीछा किया तथा आत्मसमर्पण हेतु आवाज दिया सन्दिग्ध व्यक्ति पुलिस के ऊपर फायर करने लगे, जिसमें से एक गोली एसआई अशेष नाथ सिंह के बुलेट प्रूफ जैकेट में लग गयी। पुनः संदिग्धो द्वारा फायर किया गया तदोपरान्त पुलिस



टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जबावी कार्यवाही करते हुए फायर किया गया, जिसमें एक व्यक्ति गुफरान को गोली लगी जिससे वह घायल हो गया।जिसे इलाज हेतु तत्काल ब्ब् मडियाहूँ भेजा गया, अन्य अभियुक्तो की घेराबन्दी कर तलाश किया गया तो अन्य पांच अभियुक्त की गिरफ्तारी की गयी तथा दो अभियुक्त भागने मे सफल रहे।। अभियुक्तो के कब्जे से ट्रक लूट की घटना मे प्रयुक्त सैन्ट्रो कार व ट्रक ड्राइवर का लूटा गया मोबाइल तमंचा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में मो0 गुफरान पुत्र अब्दुल रफीक नि. कसेरूआ थाना रानीगंज जिला प्रतापगढ,सलमान पुत्र मजीद नि. मरखामई नयी बाजार थाना मऊआइमा जिला प्रयागराज, मेराज अली पुत्र इरशाद अली नि. सराय गोविन्दराय थाना मान्धाता जिला प्रतापगढ़,दीपक सिंह पुत्र नरेन्द्र प्रताप सिंह नि. मेंहदौरी थाना रानीगंज जिला प्रतापगढ़,मो0 वसीक पुत्र जलालुद्दीन नि. कुसफरा थाना मान्धाता जिला प्रतापगढ़,मसीद पुत्र जुमई नि. कुलहीपुर थाना मान्धाता जिला प्रतापगढ व फरार अभियुक्त में आजाद पुत्र जुमई नि. कुलहीपुर थाना मान्धाता जिला प्रतापगढ व दिलसाद पुत्र अब्दुल मजीद नि. मरखामई नई बाजार थाना मऊआइमा जिला प्रयागराज शामिल है। मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीणों ने शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बीते 11 जनवरी को ट्रक लूट कांड हुआ था जिसके लिए सर्विलांस व स्वाट टीम थाना क्षेत्र की पुलिस लगातार गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी जिस क्रम में कल रात मुखबिर की सूचना पर 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है मुठभेड़ के दौरान एस आई के जैकेट में गोली भी लगी है जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी है दो मौके से फरार हैं जिनके पास लूटी हुई ट्रक भी है उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है जल्दी को गिरफ्तार कर मामले का अनावरण किया जाएगा। इन सभी के ऊपर विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगभग दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं।

## जेसीआई जौनपुर और रेडक्रास सोसाइटी का मतदाता जागरूकता का प्रयास सराहनीय : डीएम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में रेडक्रास सोसाइटी के सचिव डा. मनोज वत्स के सम्मिलित प्रयास से मंगलवार को मतदाता जागरूकता दिवस के दिन सभी जनपदवासियों को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से एक आटो रिक्शा चलाया गया जिसको कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम प्रकाश तथा नगर मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री रहे। मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने अपने उद्बोधन ने संस्था द्वारा किये गये कार्य की सराहना करते हुये बताया कि भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। चुनाव आयोग के 61वें स्थापना वर्ष पर 2011 में आज के ही दिन लोगों को जागरूक करने के लिये राष्ट्रीय मतदाता दिवस का शुभारम्भ किया गया था। विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश एवं नगर मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री ने इस प्रयास की सराहना की। इसी



क्रम में संस्था के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल ने कार्यक्रम की सराहना की। अन्त में संस्थाध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि लगातार 7 दिनों तक इस रिक्शे के द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर राकेश जायसवाल, नीरज श्रीवास्तव, अतुल सिंह, रमेश श्रीवास्तव, संतोष मेडिकल, प्रदीप जायसवाल, अजय गुप्ता, दिलीप जायसवाल, गुलाब मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## वाहन चेकिंग के दौरान हैदरगंज पुलिस के हत्थे चढ़ा अभियुक्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अपराध और अपराधियों के नियंत्रण में लगी हैदरगंज पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली। तक मीन गंज पुल के पास संदिग्ध अवस्था में तलाशी के दौरान अवैध तमंचा कारतूस के साथ एक युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पकड़े गए युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र हैदरगंज की जाना बाजार मी शनिवार को अपराध और अपराधियों के नियंत्रण मे लेगी हैदरगंज पुलिस जाना बाजार के निकट थाना बॉर्डर के समीप संदेह के आधार पर युवक की तलाशी ली। पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक पूछताछ के दौरान अपना नाम रमाकांत तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी निवासी ग्राम भारी नाथ पुर थाना हैदरगंज बताया। पुलिस को उसके पास से एक आदत देसी तमंचा 315 एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पकड़े गए युवक को आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष हैदरगंज राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि यह सफलता उप निरीक्षक राजकुमार यादव कांस्टेबल मोहित कुमार व सुजीत कुमार की टीम को मिली।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## स्वयं सेवकों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस को धूमधाम से मनाया



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के पांचो इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सेवकों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील प्रताप सिंह ने को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया तथा स्वंय सेवकों को मतदान हेतु महाविद्यालय के प्रबंधक श्री विनोद कुमार सिंह एडवोकेट जी द्वारा मतदाता से संबंधित शपथ दिलाया गया। तत्पश्चात प्राचार्य जी द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया महाविद्यालय के प्रबंधक श्री विनोद कुमार सिंह जी द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु बनाए गए पोस्टर प्रतियोगिता का निरीक्षण किया गया तथा छात्र छात्राओं को इसी प्रकार से क्रियात्मक क्रिया करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया इस दौरान स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं के द्वारा पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और जिसमें स्वयंसेवक एवं स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़ कर व हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया गया। इस दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विनोद कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ सुनील प्रताप सिंह ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम मोहन अस्थाना ने किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुमताज अहमद अंसारी महाविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रवक्ता डॉ आशीष कुमार उपाध्याय चीफ प्रॉक्टर डॉ संतोष कुमार सिंह लेखाकार श्री रितुपर्णा सिंह श्री बेचन सिंह प्रसून सिंह, श्री अजय कुमार सिंह श्री राजेश सिंह श्री अवनीश कुमार सिंह राकेश पाल अशोक कुमार प्रियांशु दुबे शाश्वत दुबे धीरज नीरज शिवांगी लक्ष्मी वंशिका वंशिका शालू वैष्णवी आदि छात्र–छात्राओं अनुराग, शालू, श्रेया, शिवानी, शैलेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## 114 वर्ष की महिला से मुलाकात कर किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वयोवृद्ध मतदाता 114 वर्ष की श्रीमती महारानी देवी सिंह निवासी रास मंडल जनपद जौनपुर से मुलाकात कर सम्मानित किया गया आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने हेतु अनुरोध किया गया। उनके इस ऐतिहासिक घर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु जी से लेकर तमाम वीर स्वतंत्रता सेनानी सहित भारत की महान विभूतियां पधार चुकी हैं एवं प्रवास कर चुकी हैं। लोकतंत्र में ऐसे मतदाताओं को शत शत नमन जिनमें आज भी मतदान करने का जज्बा कूट कूट कर भरा हुआ है।

## सचेत मतदाता सशक्त लोकतंत्र के प्रहरी: प्रो.निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर के एनएसएस,रोवर्स–रेंजर्स,एक्टिविटी क्लब,आईक्यूएसी एवं महिला अध्ययन केंद्र के सहयोग से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन हुआ। इस वेबिनार में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस.मौर्य ने कहां कि सचेत मतदाता सशक्त लोकतंत्र के प्रहरी हैं।वेबीनार में उपस्थित लोगों को कुलपति ने मतदाता शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के सदस्य प्रो.आर.एन. त्रिपाठी ने कहां की मतदान भारत की मूल आत्मा के विस्तार का अधिकार है।उन्होंने विस्तार से एक–एक वोट का महत्व के बारे में बताया। स्वागत भाषण प्राचार्य, गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर,जौनपुर प्रो.बी.के. निर्मल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य, तिलकधारी पीजी कॉलेज,जौनपुर प्रो.आलोक कुमार सिंह ने दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं रूपरेखा एनएसएस समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव तथा तकनीकी सहयोग डॉ. शशिकांत यादव एवं डॉ. धीरेंद्र चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रो.मानस पांडेय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, संयोजक रोवर्स –रेंजर्स डॉ. जगदेव, डॉ गिरिधर मिश्र,डॉ लक्ष्मण सिंह,डॉ पुनीत धवन, डॉ पंकज सिंह, डॉ. सिधारी यादव, डॉ.नीलमणि सिंह, डॉ आलोक प्रताप सिंह,डॉ. अविनाश वर्मा,डॉ.अवधेश कुमार मिश्र, डॉ अजय कुमार सिंह ,डॉ राकेश बिंद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2022 की पूर्व संध्या पर समस्त देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

देश की उपासना

राष्ट्रीय हिन्दी मासिक/साप्ताहिक एवं दैनिक समाचार पत्र परिवार की तरफ से

उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर ,जौनपुर,उ0प्र0

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

यदि हम अपनें से मित्रता कर लेते हैं तो कभी अकेले नहीं होंगे।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# चुनावी मौसम : विपक्ष को एक अटल की जरूरत

आप पंजाब और गोवा में एक ताकत के रूप में उभर सकती है। ममता के अलावा वही एक मात्र ऐसे राजनेता हैं, जिन्होंने मोदी–शाह की जोड़ी को एक बार नहीं, बल्कि दो बार हराया है! 136 साल पुरानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अभी तीन राज्यों में सरकारें हैं और तीन अन्य राज्यों में वह कनिष्ठ सहयोगी है। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर अब भी उसके पास बीस फीसदी वोट है।

युद्ध के मैदान में अक्सर, सेना और हथियारों के आकार से अधिक साहस, समझदार रणनीति और प्रेरक नेतृत्व काम आता है। इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं, जब साहसी नेताओं ने हार के जबड़े से जीत छीन ली। मई, 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने इसे सच साबित किया था। उनके सामने थे, मुखर वक्ता और ऊर्जा से लबरेज लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी, उनके सयाने संगठनकर्ता सहयोगी अमित शाह, जमीन पर मौजूद आरएसएस का भरपूर संसाधान तथा केंद्र सरकार की ताकत।

इससे अप्रभावित ममता ने प्लास्टर चढ़ी टांग के साथ व्हील चेयर पर बैठकर प्रचार किया और 'खेला होबे' की थीम पर अभियान चलाकर अपराजेय दिख रही मोदी–शाह की जोड़ी को परास्त कर दिया। उन्होंने मीडिया के गढ़े मिथक को ध्वस्त कर तीसरी बार जीत दर्ज की। भाजपा को हराने की महत्वाकांक्षा रखने वाले विपक्षी दल इसका अनुसरण कर सकते हैं। बशर्ते कि वे अपने मतभेदों को खत्म करें, अपने अहंकार को त्याग दें और जमीनी सच्चाई को स्वीकार करते हुए इस तर्ज पर नेतृत्व को स्वीकार करें कि, जो जीता वही सिकंदर, तभी वह भाजपा को चुनौती दे सकेंगे। आइये जरा विपक्षी दलों के नेताओं पर गौर करते हैं।

नवीन पटनायक ओडिशा के सबसे लंबा कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री हैं, और उनका पांचवा कार्यकाल चल रहा है। उनके बीजू जनता दल ने 2014 में जब मोदी ने दिल्ली की अपनी पारी शुरू की थी, राज्य की 20 में से 21 लोकसभा सीटें जीती थीं। लेकिन 2019 में उनकी सीटें घटकर 12 रह गईं। उन्होंने पंचायत में महिलाओं के लिए पचास फीसदी आरक्षण शुरू किया और पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी की 33 फीसदी टिकटें महिलाओं को दी थी। राज्य की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ी है और प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हुई है, लेकिन ओडिशा के कई हिस्से आज भी भीषण गरीबी से जूझ रहे हैं।

76 वर्षीय नवीन पटनायक ने लंबी पारी के बावजूद खुद को ओडिशा तक सीमित रखा है। एम. के. स्टालिन ने हालांकि तमिलनाडु में राजनीतिक जगह मजबूती से बनाई है, लेकिन उनका प्रभामंडल एमजीआर या करुणानिधि या जयललिता जैसा नहीं है। आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी और तेलंगाना में चंद्रशेखर राव उभरते हुए मजबूत नेता हैं। तीनों का अपने–अपने राज्य में काफी दबदबा और राजनीतिक महत्व है, लेकिन उनमें से कोई भी राष्ट्रीय नेता नहीं है।

महाराष्ट्र के तीन बार मुख्यमंत्री रहे 81 वर्षीय शरद पवार केंद्रीय रक्षा और कृषि मंत्री भी रहे हैं। वह आज देश के वरिष्ठतम नेताओं में से हैं, जो इंदिरा गांधी के समय से राजनीति में हैं। उनके पास अनुभव है और वह मंझे हुए राजनेता हैं, लेकिन उनका समय बीत चुका है। अपने राजनीतिक करिअर के इस मोड़ पर वह किंग मेकर तो हो सकते हैं, किंग नहीं। अखिलेश यादव अपने पिता की छाया से बाहर निकल आए हैं, और अभी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनौती दे रहे हैं।

हालांकि उन्होंने तीन कैबिनेट मंत्रियों और एक दर्जन विधायकों को भाजपा से सपा में शामिल कर भाजपा नेतृत्व को बड़ा झटका दिया है, लेकिन उनके छोटे भाई की पत्नी अपर्णा यादव के भाजपा में शामिल होने से सपा का उत्साह ठंडा पड़ गया। विकास के एजेंडे को दरकिनार कर भाजपा और सपा दोनों ही अन्य पिछड़ा वर्ग की कुछ निश्चित जातियों और दलित समुदायों को लुभाने में जुटी हुई हैं। 2024 में अखिलेश की क्या भूमिका होगी, यह इस पर निर्भर होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी कैसा प्रदर्शन करती है।

बसपा सुप्रीमो मायावती असमान्य रूप से शांत हैं, शायद भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में मुकदमे की आशंकाएं उनका पीछा नहीं छोड़ रही हैं। राजधानी दिल्ली की सांविधानिक सीमाओं में बंधे होने, जहां उपराज्यपाल ही वास्तविक प्रशासनिक प्रमुख हैं, और गृह मंत्रालय द्वारा लगातार पर कतरे जाने के बावजूद अरविंद केजरीवाल अपने ढंग की राजनीति को ही आगे बढ़ा रहे हैं। उनकी जनकेंद्रित नीतियों के कारण आप का एक आधार बना हुआ है। इसके अलावा, उन्हें अपनी अपील को व्यापक बनाने और अपनी हिंदू साख को रेखांकित करने के लिए भाजपा की विचारधारा का अनुसरण करने से परहेज नहीं है।

आप पंजाब और गोवा में एक ताकत के रूप में उभर सकती है। ममता के अलावा वही एक मात्र ऐसे राजनेता हैं, जिन्होंने मोदी–शाह की जोड़ी को एक बार नहीं, बल्कि दो बार हराया है! 136 साल पुरानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अभी तीन राज्यों में सरकारें हैं और तीन अन्य राज्यों में वह कनिष्ठ सहयोगी है। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर अब भी उसके पास बीस फीसदी वोट है। राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में आश्चर्यजनक रूप से नरेंद्र मोदी के बाद राहुल गांधी दूसरे पसंदीदा नेता के रूप में उभरे हैं।

दुर्भाग्य से, पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी पर उनके तीखे हमलों और ऊर्जावान चुनाव अभियानों ने उनकी पार्टी की मदद नहीं की है, जिसे पश्चिम बंगाल और दिल्ली के विधानसभा चुनावों में शून्य और 2019 में उत्तर प्रदेश में एक अकेली संसदीय सीट मिली। साफ है कि वह कांग्रेस का दांव जीतने वाला घोड़ा नहीं हैं। भारतीय लोकतंत्र को एक मजबूत विपक्ष की जरूरत है। सिर्फ सपने देखने से कुछ नहीं होगा। इसके लिए विपक्षी दलों को साथ आना होगा और खुद को भाजपा के विश्वसनीय विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

स्वाभाविक रूप से उन्हें एक परिपक्व, अनुभवी, कल्पनाशील और प्रेरणादायी नेता की जरूरत होगी, जो समझदार रणनीति के साथ साझा उद्देश्य को आगे बढ़ा सके। विपक्ष को एक अटल बिहारी वाजपेयी की जरूरत है! 2011 में पश्चिम बंगाल के चौंतीस वर्ष पुराने कम्युनिस्ट शासन को सत्ता से बाहर करने वाली ममता संभावित नेता हो सकती हैं। वह केंद्र में रेलवे और खनन सहित कई मंत्रालय भी संभाल चुकी हैं। वह बांग्ला और अंग्रेजी के साथ ही हिंदी बोल लेती हैं। वह राष्ट्रीय कद की नेता हैं और उनके पास प्रशासनिक अनुभव और विपक्ष का नेतृत्व करने के लिए लड़ने का अदम्य हौसला है। इन सबसे ऊपर, उन्हें राहुल और केजरीवाल तक पहुंच बनानी होगी और उनका समर्थन हासिल करना होगा। क्या वह ऐसा करेंगी?

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# भाजपा संकल्प पत्र और पांच साल के कामों को गिनाते हुए वोट देने की अपील

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी प्रकाश पाल के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एव कार्यकर्ताओ ने सिनेमा चौराहा पर खड़े होकर भाजपा के चुनाव प्रचार में लोगों से वोट देने की अपील की। जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने सिनेमा चौराहे पर भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र और पांच साल के कामों गिनाते हुए आम लोगों से बात की। चौराहे पर व्यापारियों की दुकानों पर जाकर जिला प्रभारी ने २०२२ विधानसभा चुनाव में भाजपा को दोबारा भरी मतों से जीतने की अपील की। जिला महामंत्री अनुराग मिश्र ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारी शोषण के एक भी मामले नही हुए। सरकार ने व्यापारियों को वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट योजना, बैंको द्वारा कम ब्याज पर आर्थिक मदद, २४ घंटे बिजली की सुविधा दी। पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय अवस्थी ने बाजार में महिलाओं को पत्रक बाटे और भाजपा को वोट करने की अपील की। अजय अवस्थी ने कहा कि भाजपा सरकार में महिला सुरक्षा और




सशक्तिकरण पर सबसे ज्यादा काम हुआ। आज महिलाएं और बहू बेटियां बेधड़क बाजार में निकलती है। उन्हे मालूम है उनकी रक्षा करने वाला योगी बैठा है। जिला प्रभारी के साथ नपाप अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर अतुल सिंह परेश लोहिया, अजीत उपाध्याय, मुनि मिश्र राजेंद्र गुप्ता, सौरभ सिंह प्रद्युम्न मिश्र अविनाश पांडेय, रजनीश मिश्र अमूल्य दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर वर्चुअल विधिक जागरुकता शिविर किया गया आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान मा0 सचिव अल्का पाण्डे जी के कुशल निर्देशन राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर वर्चुअल विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन गूगलमीट द्वारा नायब तहसीलदार सुश्री सुरभि रॉय की अध्यक्षता मे किया गया। वर्चुअल शिविल मे चचुआ एजुकेशन पांइट कम्प्युटर की छात्राओं तथा पीएलवी कीर्ति कश्यप द्वारा एकत्रित की गई बालिकाओं की उपस्तिथि मे शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे बालिका दिवस क्यों मनाया जाता है इस पर जानकारी दी गई। नायब तहसीलदार सुश्री सुरभि रॉय ने कहा कि सभी माता पिता की जिम्मेदारी है कि बालिकाओं को उनके अधिकारों से उनको वंचित न रखा जाये। सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटीओ के लिये महत्वपूर्ण योजनाओ का प्रभावी संचालन भी किया जा रहा है। चचुआ एजुकेशन की छात्रा बरीशा ने बताया कि भारत कि 24 जनवरी के दिन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को नारी शक्ति के रूप में याद किया जाता है। इस दिन इंदिरा गांधी पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में कर्यभाल संभाला था। इसलिए इस दिन को राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। लीगल एड क्लीनिक फरहान सागरी द्वारा वर्चुअल शिविर मे मौजूद बालिकाओं की हौसला अफजाई करते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया। चचुआ एजुकेशन पॉइन्ट कम्प्युटर के संचालक श्री मनमोहन शुक्ला ने कहा कि बालिकाये बहुत ही धैर्यवान होती है उनमे सीखने की ललक ज्यादा होती है। बेटीया दो घरों का संभालती हैं इसलिये उनको पढ़ाना बहुत ही आवश्यक है। वर्चुअल शिविर मे कीर्ति कश्यप. पीएलवी अमित कुमार सिंह, फारूक अहमद, कौशल किशोर दीक्षित, श्यामू सिंह सहित छात्रायें उपस्थित रही।

# जज के आवास पर तैनात सिपाही को संदिग्ध परिस्थितियों में लगी गोली : हालत गंभीर

लखनऊ ब्यूरो : गौतमपल्ली इलाके में तीन कालीदास मार्ग पर स्थित हाईकोर्ट के न्यायाधीश राकेश श्रीवास्तव के आवास के बाहर गार्ड ड्यूटी में लगे सिपाही मनोज कुमार मौर्य को संदिग्ध हालात में गोली लग गई गई। घटना मंगलवार तड़के करीब 3:30 बजे की है। सिपाही को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सिपाही मनोज मूल रूप से उतरौला गोंडा का रहने वाला हैं। एडीसीपी सेंट्रल राघवेंद्र मिश्रा के मुताबिक सिपाही पीएसी 30 बटालियन में तैनात था। वह न्यायाधीश के घर के बाहर गार्ड की ड्यूटी में तैनात था। तड़के करीब 3:30 बजे वह पहरा दे रहा था। इस बीच उसकी एसएलआर (सेल्फ लोडिंग राइफल) हाथ से छूटकर गिर गई। राइफल लाक नहीं थी। इस बीच गोली चली और उसकी थोढ़ी में लग गई। गोली की आवाज सुनते ही बैरक में मौजूद अन्य सिपाही दौड़े। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गौतमपल्ली इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ पहुंचे। घायल सिपाही को सिविल अस्पताल लेकर जाया गया। उसकी हालत नाजुक देख उसे ट्रामा रेफर किया गया। ट्रामा में सिपाही की हालत गंभीर बताई जा रही है। रात एक से चार बजे की ड्यूटी पर था एडीसीपी ने बताया कि गार्ड ड्यूटी तीन–तीन घंटे की शिफ्ट में लगती है। सिपाही मनोज रात एक से चार बजे तक की ड्यूटी पर था। ड्यूटी छूटने से करीब आधे घंटे पहले हादसा हो गया। सिपाही के घर वालों को सूचना दे दी गई है। वह 2018 बैच का सिपाही है।

# कमल को फिर खिलने से रोकने के लिए कांग्रेस सपा और बसपा ने लगाया पूरा जोर

मथुरा ब्यूरो : कांग्रेस की लगातार तीन जीत के बाद भाजपा ने पिछले चुनाव में मथुरा विधानसभा क्षेत्र को अपने कब्जे में लिया था। इसे बरकरार रखने के लिए भाजपा ने प्रदेश सरकार के प्रवक्ता और ऊर्जामंत्री श्रीकांत शर्मा पर ही फिर से दांव लगाया है। जनपद की पांच में से दो सीटों पर अपने पुराने चेहरों को बदलने वाली भाजपा का यह मथुरा में ब्राह्मण कार्ड है। इस कार्ड को फेल करने के लिए कांग्रेस ही नहीं, सपा और बसपा ने भी तगड़ी घेराबंदी कर दी है। यहां बसपा ने भाजपा से मांट में टिकट न मिलने पर विद्रोह करने वाले ब्राह्मण नेता एसके शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है, तो कांग्रेस यहां से चार बार विधायक रह चुके प्रदीप माथुर के सहारे मैदान में उतरी है। रालोद–सपा गठबंधन ने बहुसंख्यक वैश्य की मौजूदगी को देखते हुए देवेंद्र अग्रवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है। ब्राह्मण–वैश्य बहुल है मथुरा विधानसभा क्षेत्र : धर्म नगरी मथुरा–वृंदावन शहरी क्षेत्र मथुरा विधानसभा का हिस्सा है। पहले इसे मथुरा–वृंदावन विधानसभा क्षेत्र कहा जाता था, लेकिन अब यह सिर्फ मथुरा के नाम से दर्ज है। यहां करीब 70 हजार ब्राह्मण मतदाता हैं। 60 हजार वैश्य और 50 हजार मुस्लिम मतदाता भी समीकरणों में उलटफेर का माद्दा रखते हैं। महानगर के नए विस्तारित क्षेत्र में 10 हजार क्षत्रिय और 35 हजार जाट हैं। बसपा ब्राह्मण नेता के सहारे तो सपा वैश्य के सहारे यहां भाजपा का खेल बिगाड़ने की कोशिश में है तो कांग्रेस अपने आजमाए मोहरे को लेकर ही सियासी दांवपेच चल रही है। ऐसा था पिछला विधानसभा चुनाव का संग्राम : 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने श्रीकांत शर्मा को मैदान में उतारा तो कांग्रेस–सपा गठबंधन से प्रदीप माथुर चुनाव लडेे थे। मोदी की लहर वाले इस चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस–सपा गठबंधन से यह सीट रिकॉर्ड मतों से छीन ली थी। श्रीकांत शर्मा को भाजपा उम्मीदवार के रूप में 1,43,361 मत मिले थे, जो कुल मतों का 56.65 प्रतिशत था। प्रदीप माथुर को 42,200 मत मिले थे। इस तरह एक लाख से अधिक मतों से भाजपा ने जीत दर्ज की थी। इतना विकास पहले कभी नहीं हुआ मथुरा का विकास जितना पिछले पांच वर्षों में हुआ, उतना कभी नहीं हुआ। यमुना में करीब 80 प्रतिशत नालों का गिरना बंद किया जा चुका है। चंद दिनों बाद पूरी तरह से यमुना में नालों का गिरना बंद हो जाएगा। गंगा जल की आपूर्ति हो रही है। बिजली 24 घंटे मिल रही है। विकास की अनेक परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। –श्रीकांत शर्मा, ऊर्जा मंत्री व विधायक मथुरा सिर्फ वादे हुए, काम नहीं हुआ मथुरा विकास में पिछड़ गया है। सिर्फ वादे किए गए, कोई काम इन पांच सालों में नहीं हुआ। एनसीआर का वादा, मेट्रो ट्रेन चलाने का वादा पूरा नहीं हुआ। बिजली महंगी हो गई। दुकानदारों को लक्ष्य बनाकर बिजली के अफसरों से कार्रवाई कराई गई है। स्वच्छता में मथुरा और पिछड़ गया है। इन पांच सालों में कोई उपलब्धि नहीं है। –प्रदीप माथुर, प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस जातीय समीकरण सीट पर ब्राह्मण और वैश्यों के साथ मुस्लिम, जाट, क्षत्रिय निर्णायक बनते हैं। मुस्लिम मतदाताओं की संख्या मथुरा में सर्वाधिक मतदाताओं वाले वर्ग में गिनी जाती है। –जाटव, निषाद, बघेल सहित अन्य जातियां भी यहां उलटफेर करने में सहायक बनती हैं। मथुरा सीट जनपद के अन्य सभी विधानसभा क्षेत्रों के बीच में है। इसके आसपास छाता, मांट, गोवर्धन और बलदेव विधानसभा क्षेत्र हैं। इसमें छाता और मांट वीआईपी सीट हैं।

# वोट की चोट से अबकी चुनाव में व्यापारी अपनी समस्याओं पर करेंगे प्रहार : संजय गुप्ता

आर एल पाण्डेय लखनऊ। ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' के अवसर पर ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल'' के बैनर तले व्यापारियों ने इस विधानसभा चुनाव में अनिवार्य मतदान की शपथ ली ,संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई शपथ ग्रहण कार्यक्रम हजरतगंज स्थित साहू सिनेमा के पास आयोजित हुआ इस अवसर पर बोलते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा लोकतंत्र में जनता के पास वोट का अधिकार सबसे बड़ा हथियार है मताधिकार के हथियार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए उन्होंने कहा व्यापारियों को इस चुनाव में जाति धर्म में ना बटते हुए व्यापारी बनकर वोट देना होगा तभी व्यापारियों की समस्याओं का समाधान होगा उन्होंने कहा जो लोग मताधिकार का प्रयोग नहीं करते, उन्हें सरकार को कोसने का कोई अधिकार नहीं है उन्होंने कहा हमें स्वयं तथा अपने परिजनों एवं परिचितो को अनिवार्य मतदान हेतु जागरूक करना होगा संजय गुप्ता ने कहा इस चुनाव में प्रदेश के एक करोड़ व्यापारी अपने परिजनों के साथ चार करोड़ों वोटों का प्रयोग कर मजबूत व्यापारी वोट बैंक के रूप में दिखेंगे उन्होंने कहा राजनीतिक दल एवं सत्ता पर बैठे हुए लोग केवल वोटों की भाषा समझते हैं अतः नागरिकों को




इस भाषा का प्रयोग अच्छे तरीके से करना आना चाहिए शपथ कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, नगर उपाध्यक्ष मनीष जैन, नगर उपाध्यक्ष मसीहउजजमा गांधी, मोहम्मद आदिल मोहम्मद सलीम, ट्रांस गोमती चेयरमैन अशोक यादव, ट्रांस गोमती वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश अवस्थी, युवा इकाई के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, प्रिंस कॉन्प्लेक्स के अध्यक्ष मोहम्मद हलीम, लवलेन मार्केट के अध्यक्ष मोहम्मद कमर (मून), लव लेन मार्केट महामंत्री सचिन मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष मोहम्मद गौस अहमद, मोहम्मद रिजवान अनुज गुप्ता, जितेंद्र नकरा, भूतनाथ मार्केट अध्यक्ष कमल अग्रवाल आदि व्यापारी शामिल थे।

# गुरुद्वारा में लग रहा बच्चों का वैक्सीनेशन और बूस्टर डोज

आर एल पाण्डेय लखनऊ। ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला के वैक्सीनेशन सेंटर में पिछले लगभग 8 महीनों से चल रहे वैक्सीन के अभियान में अब 5 जनवरी से बच्चों को तथा बूस्टर डोज भी गुरुद्वारा साहब के वैकसीन सेंटर पर लगाई जा रही है।यह जानकारी कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने दी। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने बताया कि गुरुद्वारा साहब का वैक्सीनेशन सेंटर 14 जून से लगातार जारी है और हमारे वैक्सीनेशन सेंटर पर 90000 से ज्यादा वैक्सीन लगाई जा चुकी है और बच्चों का वैक्सीनेशन भी हमारे सेंटर पर चल रहा है तथा बूस्टर डोज भी लगाया जा रहा है। सभी नगर वासियों से हमारी अपील है कि जिनका वैक्सीनेशन अभी कंप्लीट नहीं हुआ है और जिनके बच्चों की उम्र 15 साल से ऊपर है वह सभी कृपया कोरोना से बचाव के लिए शीघ्र अति शीघ्र वैक्सीन लगवा लें। गुरुद्वारा साहब के



वैक्सीनेशन सेंटर का प्रबंध हरविंदर पाल सिंह नीटा, हरमिंदर सिंह टीटू कुलदीप सिंह सलूजा पूरी तन्मयता के साथ कर रहे हैं और जो बच्चे वैक्सीन लगवाने आ रहे हैं उनका हौसला भी बढ़ा रहे हैं और उनको उपहार भी दे रहे हैं।

# मुर्तजा अली को " हम भारत हैं " अभियान का बनाया गया प्रदेश अध्यक्ष

आर एल पाण्डेय लखनऊ। देश में बढ़ते भेदभाव जात पात संप्रदाय के बीच विरोधभाव को मिटाने के लिए एक दशक से अधिक समय से ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य साकिब भारत के द्वारा हम भारत अभियान पूरे भारत में चलाया जा रहा है इसी के तहत इस अभियान को और तेजी से आगे बढ़ाने के लिए टीम लखनऊ के संस्थापक शराबबंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष पीस एजुकेशन चौरिटेबल ट्रस्ट के सदर जनाब मुर्तजा अली को आज हम भारत हैं। अभियान ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष साकिब भारत और प्रेरणा रूपी स्वामी ओमा द आक ने आज



उत्तर प्रदेश का हम भारत है अभियान का अध्यक्ष मनोनीत किया है।

# महान संत महामंडलेश्वर श्री 1008 लाल बाबा के तपो भूमि बकेवर के प्रदीप नगर गाँव का किया गया दौरा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी की राष्ट्रीय संयोजक पी सी मिश्रा व कानपुर मंडल की मंडल अध्यक्ष सागर सोनी का महान संत महामंडलेश्वर श्री 1008 लाल बाबा के तपो भूमि बकेवर के प्रदीप नगर गाँव का दौरा किया गया जिसमें वहाँ पर उपस्थित संत समाज व संगठन की अन्य कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया गयाजिसमें सनातन धर्म की रक्षा व संत समाज की रक्षा तथा सर्व समाज और सर्व विकास को ध्यान में रखते माननीय योगी जी की समर्थन देकर उनको मुख्य मंत्री बनाने हेतु संकल्प लिया गया तथा उपस्थित लोगों को अपनी



संगठन कीविचारों से ही अवगत कराया गया।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए गांव गांव जाकर स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यों ने लोगो को किया जागरूक

आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखीमपुर पहुंचे स्वदेशी जागरण मंच के प्रान्त प्रचार प्रमुख श्री आनंद दीक्षित व प्रान्त संयोजक श्री अनुपम श्रीवास्तव एवं जिला संयोजक रामू वर्मा (स्वदेशी) व सह जिला संयोजक अमित जी रहे गांव के सभी जनो से कहा गया की जो भाई बंधू गांव से बाहर दूसरे जिलों में काम के लिए गए है उनसे संपर्क करके उन्हें शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें। प्रान्त संयोजक श्री अनुपम श्रीवास्तव ने कुछ ग्राम संयोजको के नाम की घोसणा की जिसमे राहुल राज जी लघुचा, निराज कुमार जी अम्बुवापुर, पंकज जी इकबालपुर ,कपिल



वर्मा जी नकहा खंड संयोजक, सुरेशचंद्र जी बैरागार को लखीमपुर खंड का संयोजक घोषित किया गया।

# थाना रामपुर पुलिस ने तमंचा कारतूस व चाकू के साथ दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर महोदय के द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर नियन्त्रण के क्रम में चलाएं जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष रामपुर मय हमराह द्वारा यादव नगर मोड के पास में संदिग्धा व्यक्तियो व संदिग्ध वाहन की चौकिंग के दौरान एक सफेद रंग की संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार जो ग्राम गन्धौना की तरफ से आ रही थी, जिसको रोके जाने पर कार सवार पुलिस को देखकर गाड़ी को मोड कर भागने लगे। आवश्यक बल का प्रयोग करते हुये कार सवार संदिग्ध व्यक्तियों को पकड लिया गया। पकडे गये अभियुक्तो के पास से 01 तमंचा 315 बोर व 01 जिंदा कारतुस व एक चाकु बरामद हुआ, जो थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–10/2022 धारा–323/504/506/352 भादवि से सम्बन्धिंत वांछित अभियुक्त है। अभियुक्तों के विरूद्ध मु0अ0सं0–12/22 धारा–3/25 आयुध अधिनियम व मु0अ0सं0–13/22 धारा–4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–विशाल सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी भंगेरी थाना रामपुर जनपद जौनपुर । सुदर्शन सिंह उर्फ चन्द्रबली सिंह पुत्र स्व0 रामनरायण सिंह निवासी ग्राम भंगेरी थाना रामपुर जनपद जौनपुर । बरामदगी का विवरण 1.एक देशी तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस, 01 नाजायज चाकू व 01 स्विफ्ट डिजायर कार। आपराधिक इतिहास– अभियुक्त विशाल सिंह पुत्र अशोक सिंह 1.मु0अ0सं0 206/18 धारा 323/504/506 भादवि। 2.मु0अ0सं0 10/2020 धारा 323/504/506/452 भादवि। 3.मु0अ0सं0 184/2021 धारा 147/323/504 भादवि 3(2)5 एससी एसटी एक्ट । 4. मु0अ0सं0 10/2022 धारा 323/504/506/352 भादवि। 5. मु0अ0सं0 12/22 धारा 3/25 आर्मस एक्ट । 6.एनसीआर नं0 38/16 धारा 323/504 भादवि । अभियुक्त सुदर्शन सिंह उर्फ चन्द्रबली सिंह पुत्र स्व0 रामनरायण सिंह 1.मु0अ0सं0 1089 ए/10 धारा 323/504/506 भादवि । 2.मु0अ0सं0 10/2022 धारा 323/ 504/506/352 भादवि । 3.मु0अ0सं0 13/2022 धारा 4/25 आर्मस एक्ट । गिरफ्तारी/ बरामदगी करने वाली टीम– 1.ओम नारायण सिंह, थानाध्यक्ष थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 जनक चौबे थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 3.का0 आकाश चौहान, का0 राहुल गप्ता, का0 सुरेन्द्र चौधरी थाना रामपुर जनपद जौनपुर।

# थाना पवारा पुलिस ने चोरी की योजना बनाते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्वेक्षण में थाना पवारा पुलिस द्वारा दिनांक 25.01.22 समय करीब 03.10 बजे रात्रि गस्त के दौरान होरिल इण्टर कालेज के पास दिलशाद उर्फ सफर पुत्र मो0 हारून उर्फ हवीब नि0 नरगहना थाना पवांरा जनपद जौनपुर , हैदर अली पुत्र स्व0 लियाकत अली नि0 बनकट थाना पवांरा जौनपुर, विजय यादव उर्फ पिंकी पुत्र स्व0 राज बहादुर यादव नि0 अमोध थाना पवांरा जनपद जौनपुर चोरी की योजना बनाते हुए लोहे के राड, पेचकस, पिलास लोहे की आरी आदि के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुध्द अभियोग पंजीकृत कर मा0 न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. दिलशाद उर्फ सफर पुत्र मो0 हारून उर्फ हवीब नि0 नरगहना थाना पवांरा जनपद जौनपुर। 2. हैदर अली पुत्र स्व0 लियाकत अली नि0 बनकट थाना पवांरा जौनपुर। 3. विजय यादव उर्फ पिंकी पुत्र स्व0 राज बहादुर यादव नि0 अमोध थाना पवांरा जनपद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 3. मु0अ0स0–135/12 धारा–323/324/504/506 भा0द0वि0 थाना पवांरा जनपद जौनपुर। 4. मु0अ0स0–08/22 धारा–401 भादवि थाना पवांरा जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहासदृ अभियुक्त विजय यादव– 1.मु0अ0स0–94/2017 धारा–380 भा0द0वि0 थाना पवांरा जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0स0–1017/2017 धारा–379/511 भा0द0वि0 थाना मुँगराबादशाहपुर जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 श्री नागेश्वर शुक्ला थाना पवांरा जनपद जौनपुर। 2. एचसी सदानन्द यादव थाना पवांरा जनपद जौनपुर। 3. का0 राजू पटेल थाना पवांरा जनपद जौनपुर। 4. का0 भोलानाथ कन्नौजिया थाना पवांरा जनपद जौनपुर। 5. का0 जितेन्द्र कुमार थाना पवांरा जनपद जौनपुर। 6. का0 आशीष यादव थाना पवांरा जनपद जौनपुर। 7. का0 दिनेश यादव थाना पवांरा जनपद जौनपुर।

# थाना महराजगंज पुलिस ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपदीय पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत थाना महराजगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त विमलेश पुत्र गनेश निवासी उदयभानपुर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर को वासुपुर पुलिया के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दिनांक 24.01.2022 समय 16.10 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही के उपरान्तद मा0 न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता– विमलेश पुत्र गनेश निवासी उदयभानपुर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0स0 09/2022 धारा 60 EX ACT थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1.उ0नि0 राणा प्रताप सिंह थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 2. हे0का0 रविन्द्र नाथ सिंह थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 3. का0 पंकज साहनी थाना महराजगंज जनपद जौनपुर।

# अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने थाना कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक–25.01.2022 को डां संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर द्वारा थाना कोतवाली, जौनपुर का वार्षिक निरीक्षण कर थाने की बैरिक, शस्त्रागृह, कार्यालय के अभिलेख, हवालात, महिला हेल्पडेस्क व थाना इमारत का जायजा लिया गया। थाने पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण से शस्त्रों को खोलवाया गया एवं साफ–सफाई की चेकिंग की गयी। हिस्ट्रीशीटरों व सक्रिय अपराधियों की चेकिंग तथा रजिस्टर में प्रविष्टि अंकित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसी क्रम में आगामी चुनाव के दृष्टिगत क्रिटिकल/बल्नरेबल मतदान केंद्रों का भ्रमण किए जाने व अराजक तत्वों



के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# एक मुट्ठी आसमां : लोक अदालत समावेशी न्याय व्यवस्था

जौनपुर सू.वि. : ''एक मुट्ठी आसमां'' थीम, गरीबों तथा समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों के लिए भरोसा दृढ़ निश्चय तथा आशा का प्रतीक है। विधिक सेवा प्राधिकरणों का गठन समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त एवं सक्षम विधिक सेवाओं को प्रदान करने के लिए, ताकि आर्थिक या किसी भी अन्य कारणों से कोई भी नागरिक न्याय पाने से वंचित न रहे तथा लोक अदालत का आयोजन करने के लिए किया गया, जिससे कि न्यायिक प्रणाली समान अवसर के आधार पर सबके लिये न्याय सुगम बना सके। लोक अदालत कानूनी विवादों का सुलह की भावना से, न्यायालय से बाहर समाधान करने का वैकल्पिक विवाद निष्पादन का अभिनव तथा सर्वाधिक लोकप्रिय माध्यम है, जहां आपकी समझ–बुझ से विवादों का समाधान किया जाता है। लोक अदालत सरल एवं अनौपचारिक प्रक्रिया को अपनाती है तथा विवादों का अविलम्ब निपटारा करती है। इसमें पक्षकारों को कोई शुल्क भी नहीं लगता है। लोक अदालत से न्यायालय में लंबित मामले का निष्पादन होने पर पहले से भुगतान किये गये अदालती शुल्क को भी वापस कर दिया जाता है। लोक अदालत का आदेश/फैसला अंतिम होता है जिसके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती लोक अदालत से मामले के निपटारे के बाद दोनो पक्ष विजेता रहते हैं तथा उनमें निर्णय से पूर्ण संतुष्टि की भावना रहती है, इसमें कोई भी पक्ष जीतता या हारता नहीं है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने जन–जन के दर तक न्याय की इस तीव्रतर प्रणाली को पहुंचाया है और अदालतों का बोझ बड़े पैमाने पर घटाया है। 2021 में आयोजित की गई राष्ट्रीय लोक अदालतों में एक करोड़ पचीस लाख से ज्यादा मामलों का निपटारा किया गया है। इसके अतिरिक्त 26 जनवरी 2022 को राजपथ नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस की परेड लोक अदालत से सम्बन्धित ''एक मुट्ठी आसमां'' विषयक झांकी का भी प्रदर्शन किया जा रहा है।

# पीयू परिसर में सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाइन फार्म की तिथि बढ़ी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने की तिथि 30 जनवरी 2022 तक बढ़ाई गई। विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के विषम सेमेस्टर 2021–22 के संस्थागत/भूतपूर्व एवं विषम/सम सेमेस्टर के बैक/स्पेशल बैक पेपर परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने से वंचित रह गए हैंद्य ऐसे सभी विद्यार्थियों को एक अवसर प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय ने 30 जनवरी तक तिथि बढ़ाई है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री बी. एन. सिंह एवं केन्द्राध्यक्ष डॉ संजीव गंगवार के अनुसार ऑनलाइन संस्थागत/भूतपूर्व/बैक/स्पेशल बैक पेपर परीक्षा फॉर्म जो विद्यार्थी नहीं भर पाए हैं उन्हें परीक्षा फार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि 24 जनवरी से 30 जनवरी 2022 निर्धारित की गई है। विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी और शुल्क रसीद विभाग में जमा करने की तिथि 27 से 31 जनवरी तक है। विभाग द्वारा फार्म सत्यापन 27 जनवरी से 02 फरवरी तक किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए यह अंतिम अवसर है इसके बाद किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी।

# चौरी चौरा आजादी के आंदोलन में मील का पत्थरः प्रोफेसर सुधाकर लाल श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर, जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना, एक्टिविटी क्लब एवं आईक्यूएसी की तरफ से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में चौरी चौरा के सत्याग्रही विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन हुआ। वेबिनार को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रोफेसर सुधाकर लाल श्रीवास्तव ने कहा कि चौरी चौरा आजादी के आंदोलन में मील का पत्थर है ।इस आंदोलन में समाज के पिछड़े एवं निम्न वर्ग के लोगों ने बढ़– चढ़ कर प्रतिभाग किया। जिनका नाम काफी दिनों तक इतिहास में गुमनामी में रहा। इस आंदोलन ने अंग्रेजों को यह बता दिया कि आप लंबे समय तक भारत को गुलाम नहीं बनाए रख सकते हैं। उन्होंने आंदोलन के नायकों का एक–एक करके विस्तार से वर्णन किया। अपने उद्बोधन में प्रबंधक श्री हृदय प्रसाद सिंह 'रानू' ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी और आजादी के नायकों को याद किया। प्राचार्य प्रोफेसर बी.के. निर्मल ने उत्तर प्रदेश की स्थापना से लेकर अद्यतन प्रदेश की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया और कहां कि आजादी के अमृत महोत्सव की सार्थकता तभी है जब हम राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों का सम्मान करें और उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दें साथ ही साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ राकेश कुमार यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ आलोक प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ रमेश चंद्र सिंह,डॉ लक्ष्मण सिंह, डॉ. अवधेश कुमार मिश्रा, डॉ पंकज सिंह ,डॉ लालमणि प्रजापति,डॉ.नीलमणि सिंह, डॉ नीलू सिंह, डॉ.कमल प्रकाश रंजन, बिंद प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 25.01.2022 को रिजर्व पुलिस लाइन जौनपुर में डा0 संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों



को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक, यातायात निरीक्षक, निरीक्षक स्थानीय अभिसूचना इकाई, आरटीसी प्रभारी व अन्य अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर थाना प्रभारी/ थानाध्यक्ष द्वारा अपने अधीनस्थ नियुक्त कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

## राजनैतिक दलों द्वारा आपराधिक मामले वाले व्यक्तियों के चयन के 48 घंटे के अन्दर सूचनाएं प्रकाशित कराये जाने की अपेक्षा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र 18 जनवरी 2022 द्वारा सूचित किया गया है कि आयोग द्वारा राजनैतिक दलों द्वारा आपराधिक मामले वाले व्यक्तियों को अभ्यर्थी बनाये जाने पर अभ्यर्थियों के चयन के 48 घंटे के अन्दर प्रारुप–सी–7 पर समाचार पत्र, सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं पार्टी वेबसाइट पर सूचनाएं प्रकाशित कराये जाने की अपेक्षा की गई है। तत्पश्चात उम्मीदवारों के चयन के 72 घंटे के अन्दर राजनैतिक दलों द्वारा प्रारुप–सी–8 पर सूचना भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित की जानी है।

# कर्मचारी धर्मेंद्र कुमार के निधन पर हुई शोक सभा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के कर्मचारी धर्मेंद्र कुमार कनिष्ठ सहायक के मंगलवार असामयिक निधन की सूचना पर विश्वविद्यालय परिवार ने शोक जताया। इस अवसर पर मंगलवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। शोक प्रस्ताव विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार घ्ने पढ़ा। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभाघ में परीक्षा नियंत्रक श्री वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, बबिता सिंह, दीपक सिंह, डॉ.पीके कौशिक, लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, रमेश पाल, संतोष कुमार मौर्य, जितेंद्र पांडेय, अमलदार यादव, रामसमुझ, मदनमोहन भट्ट, राजनारायन सिंह, जनार्दन राम श्याम श्रीवास्तव, सुशील प्रजापति, सत्येन्द्र कुमार, सनी भारती, जितेंद्र शर्मा, पंकज सिंह, हरिनाथ यादव, श्यामा यादव, ईश्वरघ श्रीवास्तव, आदि उपस्थित थे।

# यूपी में कांग्रेस को तगड़ा झटका, स्टार प्रचारक घोषित हो चुके आरपीएन सिंह भाजपा में हुए शामिल

लखनऊ ब्यूरो : यूपी में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। कांग्रेस नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। एक दिन पहले ही वह यूपी चुनाव के लिए कांग्रेस की तरफ से स्टार प्रचारक घोषित किए गए थे। उन्होंने दिल्ली में भाजपा कार्यालय में यूपी प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर आरपीएन सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का दिल है। जब यूपी तरक्की करेगा तो देश भी तरक्की करेगा और पिछले सात साल में जिस तरह से केंद्र की योजनाओं को राज्य में लागू किया गया वो प्रशंसनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी में इस बार भी एक बार पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनने वाली है। सिंह के भाजपा में शामिल होने पर कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि कांग्रेस जो लड़ाई लड़ रही है वो बेहद मुश्किल है। इसके लिए दम चाहिए। आत्मविश्वास और बहादुरी चाहिए। इसे कायरता से नहीं लड़ा जा सकता है। वो जहां भी जा रहे हैं उन्हें शुभकामनाएं। आरपीएन सिंह को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का करीबी माना जाता है। आरपीएन सिंह पडरौना राजघराने से आते



हैं जिनका इलाके में काफी प्रभाव है। वह 2009 में तत्कालीन पडरौना सीट से लोकसभा सांसद चुने जा चुके हैं और यूपीए– 2 सरकार में सड़क परिवहन, पेट्रोलियम और गृह राज्यमंत्री भी रह चुके हैं। उधर, एक के बाद एक नेताओं के भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस लगातार कमजोर होती जा रही है। हाल ये है कि इसके पहले लड़की हूं लड़ सकती हूं कि पोस्टर गर्ल प्रियंका मौर्य भी भाजपा में शामिल हो गईं।

# 31 जनवरी तक 100 फीसदी लोगों को कोरोना के टीके की पहली डोज लगाएं : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एग्रेसिव ट्रेसिंग और टेस्टिंग, त्वरित ट्रीटमेंट और तेज टीकाकरण कोविड के प्रसार को रोकने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। 31 जनवरी तक 100 फीसदी लोगों को टीके की पहली डोज और 75 फीसदी पात्र नागरिकों को दूसरी डोज लगाने का हमारा लक्ष्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि इसे प्रत्येक दशा में पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक 25 करोड़ से अधिक कोविड टीके का सुरक्षा कवच नागरिकों को प्रदान किया जा चुका है। 18 वर्ष से अधिक उम्र के 98.14 फीसदी से अधिक लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है, जबकि 66 फीसदी से अधिक लोग कोविड टीके की दोनों डोज ले चुके हैं। विगत दिवस तक 15–17 आयु वर्ग के लगभग 58.71 फीसदी किशोरों ने टीका कवर प्राप्त कर लिया है और 31 जनवरी तक के लक्ष्य के अनुसार पात्र 65 फीसदी से अधिक लोगों को प्री–कॉशन डोज भी मिल चुकी है। टीकाकरण को और तेज किए जाने की जरूरत है। बीते 24 घंटों में 01 लाख 99 हजार 290 कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 11,583 नए कोरोना पॉजिविट पाए गए। इसी अवधि में 18,875 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की 86 हजार 563 है। इनमें से 84 हजार 141 घर पर ही उपचाराधीन हैं। स्पष्ट है कि बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ रही है। यह संक्रमण वायरल फीवर की तरह है। अतः इससे डरने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन सभी एहतियात अवश्य बरते जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि कोरोना की रोकथाम के उद्देश्य से जारी विशेष सर्विलांस अभियान को प्रभावी बनाया जाए। निगरानी समितियां, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की टीम घर–घर जाएं। लक्षणयुक्त व संदिग्ध मरीजों को निःशुल्क मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाए। टीकाकरण से वंचित लोगों को चिन्हित कर तत्काल उन्हें टीकाकवर दिया जाए। नियमित टीकाकरण से छूट गए



नवजात बच्चों की लाइन लिस्टिंग भी की जाए। यह टीम जनपदीय आईसीसीसी से सतत संपर्क में रहे। डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। कोविड की तीसरी लहर के बीच प्रयागराज में पारंपरिक माघ मेले का सुव्यवस्थित आयोजन जारी है। कोविड सम्बन्धी एहतियात को ध्यान में रखते हुयेबलाखों कल्पवासी अपने व्रत–संकल्प की पूर्ति कर रहे हैं। यह आत्मिक संतोषदायक है।मेला क्षेत्र के समीप जलस्तर बढ़ने की सूचना प्राप्त हुई है। इस सम्बंध में तत्काल कार्यवाही अपेक्षित है। साधु–संतों और कल्पवासियों से निरंतर संवाद बनाये रखा जाए। सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से अस्पताल में उपचाराधीन कोविड पॉजिटिव लोगों के परिजनों से नियमित अंतराल पर संवाद किया जाए। होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे लोगों से संवाद कर उन्हें मेडिकल परामर्श, दवाएं आदि मुहैया कराई जाए।

# कैंसर से लड़ रहा था पिता तो 13 साल की बेटी ने संभाला कामकाज का जिम्मा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : फूल, खुशबू, उनपे उड़ती तितलियों की खैर हो, सबके आंगन में चहकती बेटियों की खैर हो ! कहते हैं कि बेटियां बड़े भाग्य से मिलती हैं.. यह शाहगंज कस्बे के निवासी रविशंकर वर्मा का सौभाग्य ही था कि जब वो कैंसर में बुरी तरह उलझी जिंदगी की डोर सुलझाने में व्यस्त थे, तो उनके काम–काज की देख–रेख का जिम्मा उनकी 13 साल की बेटी नीतिका ने सम्भाला। पिता मुंबई में अस्पताल में भर्ती थे और बेटी शाहगंज से पिता के न्यूज पोर्टल का संचालन बड़ी जिम्मेदारी के साथ कर रही थी। सोमवार को नगर की सामाजिक संस्था जेसीआई शाहगंज संस्कार ने उस बिटिया को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सम्मानित किया। संस्था अध्यक्ष जेसी विशाल जायसवाल ने बताया कि ''तहलका 24•7'' न्यूज पोर्टल के सम्पादक रविशंकर वर्मा को वर्ष 2019 में मुख कैंसर की पुष्टि हुई। रविशंकर अपने इलाज के लिए मुंबई गए जहां उनका ऑपरेशन हुआ। एकल परिवार होने के कारण देख–रेख करने वाला कोई नहीं था, नतीजा व्यापार बंद हो गया। यहां तक कि न्यूज पोर्टल भी देख–रेख के अभाव में बंद होने की नौबत आ गई। ऐसे में रविशंकर वर्मा की 13 साल की बेटी नीतिका ने जिम्मा सम्भाला। नीतिका को पिता से पहले ही स्क्रिप्ट और एडिटिंग की सरसरी जानकारी मिल चुकी थी। उसने विभिन्न सेंटरों से मिलने वाली खबरों को एडिट करना, न्यूज पोर्टल पर लगाना और उन्हें सोशल मीडिया के जरिए प्रसारित करना



शुरू किया। बंद होने की कगार पर पहुंच चुका न्यूज पोर्टल फिर से खबरों की रोशनी से जगमगा उठा। पिता रविशंकर कहते हैं कि जब हर तरफ अंधेरा ही दिख रहा था, उस गाढ़े वक्त में बेटी से मिले हौसले और उसके जज्बे की चमक से हिम्मत बंधी रही। सोमवार को सामाजिक संस्था जेसीआई शाहगंज संस्कार ने नीतिका को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कस्बे के सेंट जेवियर्स स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा नीतिका ने सम्मानित होने के बाद इसे पिता को समर्पित किया और उन्हें अपना गुरु बताते हुए संस्था को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में जेसी गुलाम साबिर, जेसी पंकज सिंह, जेसी एखलाक खान, जेसी सुहैल, जेसी सरफराज, जेसी सेराज आतिश, जेसी आसिफ, जेसी हसन मेंहदी, जेसी तारिक आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं की महत्ता के संबंध में जूम एप के माध्यम से वर्चुअल कार्यक्रम हुआ आयोजित

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज में बालिकाओं की महत्ता के संबंध में जूम एप के माध्यम से वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालन उप प्रधानाचार्य कुसुमलता ने किया।वही कनौसा कान्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, अयोध्या की शिक्षिका मीरा मिश्रा ने कहा कि बेटी बोझ नहीं है, अगर बेटा कुल का दीपक है तो बाती हैं बेटियां। प्रवक्ता एएनओ एनसीसी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज डॉ. मालती रामअनुज ने संदेश दिया कि बच्चों की पहली शिक्षक मां होती हैं, और मां जो अपने बच्चों को संस्कार सिखाती है वही बच्चा आगे चलकर बड़ों का सम्मान और महिलाओं का भी अपमान होने से बचाता है। अगर प्रत्येक घर की महिलायें सुरक्षित हैं तो हमारा देश भी सुरक्षित रहेगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार ने कहा कि बेटी है कुदरत का उपहार, इसको जीने का दो अधिकार। उन्होंने महिला कल्याण विभाग से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, घरेलू हिंसा, दहेज प्रतिशेध अधिनियम, वन स्टॉप सेंटर से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिका दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। आज देश की बेटियां देश के हर क्षेत्र में आगे हैं चाहे वह शिक्षाक्षेत्र हो या खेलकूद। आज कल लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। समाज में अभी भी कई ऐसे गांव हैं जहां बच्चियों को उचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है, जिसके लिये सरकार द्वारा प्रयास किये जा रहें है कि ताकि बालिकाओं महिलायें हर क्षेत्र में सुरक्षित रहें। राष्ट्रीय बालिका दिवस के इस अवसर पर बालिकाओं की महत्ता के सम्बन्ध में जूम एप के माध्यम से वर्चुअल कार्यक्रम मे कुल 171 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रधानाचार्य वार्डन कस्तूरबा गांधी विद्यालय मयाबाजार, वार्डन कस्तूरबा गांधी विद्यालय, रूदौली, वार्डन कस्तूरबा गांधी विद्यालय बीकापुर, वार्डन कस्तूरबा गांधी विद्यालय हैरिंग्टनगंज, वार्डन कस्तूरबा गांधी विद्यालय तारून,व महिला कल्याण विभाग से जिला समन्वयक मौजूद रही।

## अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट गरीबो का बांट रहा है कम्मल

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)इस समय कड़ाके की ठंड को देखते हुए अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट परिवार निरंतर 20 जनवरी से जरूरतमंद गरीब लोगों तक रात्रि में अपनी टीम के साथ भ्रमण पर निकल सर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है। अयोध्या धाम चौरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक संजय महिंद्रा ने कंबल वितरण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 20 जनवरी से रामघाट अयोध्या स्थित तीनों माई बाड़ा में सैकड़ों माताओं को कंबल वितरण करने के बाद से यह कार्यक्रम 26 जनवरी तक चलेगा आज रात्रि इस भ्रमण अभियान के तहत 250 जरूरतमंद लोगों तक ट्रस्ट परिवार की टीम ने पहुंच कर कंबल वितरण किया जिसमें नाका रिकाबगंज सिटी स्टेशन बाईपास देवकाली अंगूरी बाग ऐसी जगहों पर कंबल वितरण किया गया जिसमें ट्रस्ट परिवार की टीम में ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रतीक भज्जा ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष संतोष गर्ग ट्रस्ट के सचिव सचिन सरीन एकता टंडन पवन जयसवाल संदीप मध्यान्ह मंसूर भाई आकाश मौर्य प्रमुख रूप से शामिल थे।

## गोशाईगंज विधानसभा मे अभी आप के अलावा अन्य किसी पार्टी ने नहीं उतारा अपना प्रत्याशी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज में अभी तक आप के अलावा किसी दल ने अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा नहीं की। टिकट मांगने वालों की लंबी फेहरिस्त कांग्रेस की है। चुनाव लड़ने की तैयारी में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की सक्रियता को देखते हुए माना जा रहा है सबसे ज्यादा प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज में ही होंगे।अंत में चुनावी संघर्ष राष्ट्रीय दलों के बीच ही होंगे। पांचवें चरण में होने वाले चुनाव के चलते अभी तक नामों की घोषणा न होने से विभिन्न दलों के नेता अपना टिकट पक्का करने के लिए संघर्ष करते भी नजर आ रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज का चुनाव 27 फरवरी को होना तय है पर सपा ,भाजपा ,अपना दल, कांग्रेस व बसपा से संभावित प्रत्याशी और उनके समर्थकों द्वारा गांव–गांव मतदाताओं से जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया गया है।टिकट के संभावित दावेदारों द्वारा पार्टी की सरकार बनने पर विभिन्न विकास योजनाओं का मतदाताओं से वादा करते देखा जा रहा है। यहां से सपा में पूर्व विधायक अभय सिंह के अलावा पूर्व एमएलसी तिलकराम वर्मा के पुत्र देश दीपक वर्मा, पार्टी के वरिष्ठ नेता पारस नाथ यादव, पूर्व विधायक श्री परशुराम यादव की पुत्री रोली यादव यादव सहित छः संभावित दावेदारों ने आवेदन किया है जिसमें पूर्व विधायक अभय सिंह व देश दीपक वर्मा के समर्थक क्षेत्र में गांव गांव जनसंपर्क करने में लगे हैं।देश दीपक वर्मा के समर्थकों की माने तो श्री वर्मा का टिकट पक्का है पर राजनीतिक सूत्रों के अनुसार पूर्व विधायक अभय सिंह को अंत में टिकट मिलना तय है।कांग्रेस पार्टी से गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशियों की संख्या लगभग 10 है। जिसमें काग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह मनउपुर, पूर्व प्रत्याशी अशोक सिंह ,अमित वर्मा ,राजदेव बर्मा, ईश्वरदास जायसवाल ,राजेश तिवारी ,सुमित्रा पटेल ,शैलेंद्र यादव, सुनीता निषाद ,प्रदीप निषाद सहित दस प्रत्याशी टिकट के दावेदारों में है।जिसमें अशोक सिंह अपना टिकट पक्का मांग कर समर्थकों से जनसंपर्क करने में लगे हैं। जो सीधे–साधे स्वभाव के हैं।वही कांग्रेस पार्टी के जमीनी नेता है निवर्तमान भाजपा अपना दल गठबंधन के विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू एक मामले में जेल बंद है उनके चुनाव लड़ने की उम्मीद लगभग समाप्त हो चुकी है।हाई कोर्ट लखनऊ से भी जमानत रद्द हो चुकी है।अभी तक जमानत नहीं मिली। परंतु इससे पार्टी कार्यकर्ता समर्थक मायूस नहीं है बल्कि उत्साहित हैं।क्योंकि श्री तिवारी की पत्नी आरती तिवारी का नाम टिकट की आवेदन की सूची में है राजनीतिक समर्थकों की नजर में खब्बू तिवारी या उनके परिवार का कोई भी सदस्य भाजपा अपना दल गठबंधन से चुनाव मैदान में उतरता है तो वहीं चुनाव जीत सकता है। दूसरा कोई भी सपा प्रत्याशी से मुकाबला कर पाना मुश्किल होगा। वैसे पूर्व सांसद डॉक्टर हरिओम पांडे के पुत्र अवनीश पांडे का भी नाम संभावित प्रत्याशियों की सूची में है।अपना दल के उम्मीदवार प्रमोद सिंह के समर्थकों को आशा है और पूरा भरोसा है कि उन्हें ही गोसाईगंज विधानसभा सीट पर इस बार भाजपा ,अपना दल उम्मीदवार बनाएगी।इन्हें पार्टी मुखिया द्वारा उन्हें चुनाव लड़ने के लिए हरी झंडी दे दी गई है। इसी को मद्देनजर रखते हुए पिछले कई महीनों से प्रमोद सिंह समर्थकों के साथ क्षेत्र में मतदाताओं से संपर्क करने में जुटे हैं। आम आदमी पार्टी अपने उम्मीदवार को घोषित करते हुए क्षेत्र से पूर्व विधायक रहे स्वर्गीय संत श्री राम द्विवेदी के पुत्र आलोक द्विवेदी पर अपना भरोसा जताया है।बसपा से संभावित प्रत्याशियों की सूची में राम सागर वर्मा, डॉ मनोज कुमार यादव, दयाशंकर मिश्रा का नाम है। मनोज कुमार यादव पिछले बरसों से क्षेत्र के लोगों से संपर्क करने में लगे हैं इधर भी जोर शोर से समर्थकों के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क करते देखे जा रहे हैं राजनीतिक गलियारों में चर्चा यह भी है कि बसपा में टिकट आवेदन का कोई मायने नहीं है। जो ज्यादा पार्टी को चंदा देता उसी को टिकट मिल पाता है।इसी तरह अन्य राजनीतिक दलों बीआईपी पार्टी, जदयू, ओवैसी आदि राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों का भी गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ना तय है जो जनसंपर्क कर रहे हैं।ऐसी स्थिति में विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने वालों की संख्या सबसे ज्यादा होगी।अब आने वाले समय ही बताएगा कौन अपने लोगों से लड़ते हुए अपने दल में अपना टिकट पक्का करके चुनाव मैदान में आता है। और पार्टी के भरोसे पर खरा उतरता है।

## हैदरगंज थाना क्षेत्र में भूमाफिया पर अंकुश लगाने मे नाकाम दिख रही प्रशासन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रदेश सरकार जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले भू माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने में जोर–शोर से जुटी है।परंतु वही स्थानीय पुलिस प्रशासन की शिथिलता के चलते भू माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि दूसरों की जमीन हथियाने से नहीं चूक रहे हैं। न्यायालयों में विचाराधीन मुकदमों के स्थगन आदेशों के बावजूद खाते धारकों की जमीनों को कब्जा करके बेखौफ कब्जा करने में जुटे हैं। जबकि जमीनी विवाद को लेकर अब तक कई हत्याएं भी हो चुकी हैं। यदि समय रहते जमीनी विवाद को गंभीरता से लेकर पुलिस प्रशासन ने समय से सख्त कार्यवाही न की तो अपराधिक घटनाओं में इजाफा हो सकता है।थाना क्षेत्र हैदरगंज में जमीनी विवाद को लेकर अब तक कई अपराधिक घटनाएं घट चुकी हैं। जिसमें कटौना गांव में शेर बहादुर वर्मा पूर्व प्रधान संजय वर्मा के बीच में जमीनी विवाद को लेकर हत्या हो चुकी हैं। सिहोरिया गांव में राजित राम वर्मा की हत्या जमीनी विवाद में ही हुई। जाना बृजराज सिंह की मौत भी जमीनी विवाद से जोड़कर ही स्थानीय लोग देख रहे हैं।जिसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी की विवेचना चल रही है। मौजूदा परिस्थिति में क्षेत्र में तमाम प्रकरण जमीन कब्जा विवाद को लेकर है जिसमें दबंग लोग अदालती कार्यवाही को ठेंगा दिखाते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से निर्माण कर रहे हैं। जिसमें प्रमुख रुप से करौंदी तिवारी का पुरवा में आशा देवी की संक्रमणीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके दूसरे पक्ष राधेश्याम तिवारी द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जबकि अदालत द्वारा विपक्षी के विरुद्ध स्थगन आदेश भी आशा देवी ने ले रखा हैं। पंचगवा में ज्ञानवती की जमीन पर राम तीरथ अदालती आदेश के बावजूद निर्माण कर लिया। कुआ डांड में प्रेमा देवी की जमीन पर अवैध सर्कस दबंगों ने कब्जा कर लिया।तो इसी गांव में श्मशान और तालाब की जमीनों को भी दबंगों ने नहीं छोड़ा निर्माण कर लिया। इसी तरह जाना बाजार में जमीनी विवाद सहित थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे हैं। जमीनी विवादों को लेकर सिविल कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट तक पहुंच चुके हैं। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस प्रशासन की शिथिलता के चलते दूसरे पक्ष के दबंग लोग अदालती आदेश की धज्जियां उड़ाते हैं औरकब्जा करने से नहीं चूक रहे हैं। थानाध्यक्ष हैदरगंज राजेश कुमार मिश्रा ने इस संबंध में बताया कि अदालती आदेश का पालन कराया जाएगा।

## पाँचवीं बार उद्घोषक की भूमिका में नजर आयेगे उप निरीक्षक रणजीत यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद अयोध्या के पुलिस लाइन में गणतन्त्र दिवस पर आयोजित रैतिक परेड में पाँचवीं बार उद्घोषक की भूमिका का निर्वहन उप निरीक्षक रणजीत यादव करेंगे।पुलिस लाइन अयोध्या में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड का वर्ष 2015 ,2018,2019 व 2020 में सकुशल उद्घोषक की भूमिका निभा चुके समाजसेवी दारोगा को इस वर्ष भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।इस वर्ष इनके सहायक के रूप में सनबीम स्कूल की शिक्षिका दीप्ति वर्मन भी इनका साथ देंगी। पुलिस जनपद अयोध्या के परेड प्रांगण में आयोजित इस वर्ष के रैतिक ड्रिल परेड में प्रथम कंमाडर की भूमिका डॉ0 राजेश तिवारी क्षेत्राधिकारी यातायात व द्वितीय कमांडर आशुतोष मिश्रा क्षेत्राधिकारी अपराध तथा तृतीय कमांडर के दायित्यों का निवर्हन करेंगे उ0नि0 सशत्र पुलिस अमीचन्द सिंह रहेगे। उद्घोषक रणजीत रक्तदान,पौधरोपण, गरीब असहायों और दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करना, शिक्षा,सुरक्षा और नशामुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करना जैसे सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते हैं। इनके द्वारा लिखित सामाजिक संदेश पर आधारित कहानियों – बड़े घर की बहू/पहली मुलाकात/ जिम्मेदारी/ अचानक–बदलाव/वनदेवी का चश्मा/भयानक डर से मौत,भूरा बंदर का प्रसारण आकाशवाणी के दूरदर्शन केंद्र लखनऊ और फैजाबाद के रेडियो स्टेशन से इनकी खुद की आवाज में कई बार हो चुका है। इनकी कहानियां पत्र और पत्रिकाओं में भी प्रकाशित हो चुकी हैं। प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में बेजुबानों के लिए थोड़ा सा दाना थोड़ा सा पानी मुहिम इनके द्वारा निरन्तर चलाया जाता है। इनके कार्यो की सराहना डीजीपी उ0प्र0पुलिस की अधिकारिक बेबसाइट द्वारा कई बार हो चुकी है। इन्हें नेशनल आईकानिक पर्सनैलिटी



अवार्ड–2019 दिल्ली में/2 बार अयोध्या रत्न सम्मान/नंदीग्राम रत्न सम्मान/खाकी सम्मान बरेली में/उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर समाज रत्न सम्मान लखनऊ में/ तथा जनपद अयोध्या के निवर्तमान जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कई बार सम्मानित किए जा चुके हैं।आजमगढ़ के एक छोटे से गांव भदसार के मूल निवासी रणजीत देश के जाने माने शीर्ष विश्विद्यालय बी0एच0यू0 से दर्शनशात्र विषय में स्नातकोत्तर हैं! वर्तमान समय में परिक्षेत्र कार्यालय अयोध्या में नियुक्त हैं अयोध्या वासी प्यार से इन्हें बुलाते हैं सुपरकॉप! रणजीत यादव को उनके फेसबुक पेज,इंस्टाग्राम, यूट्यूब '' रंजीत सुपरकॉप'' Ranjeet Supercop और ट्वीटर /आरसुपरकॉप /RSupercop भी फॉलो कर उनके सामाजिक कार्यो को देख सकते हैं।

## समाजसेवी राजन पांडेय ने सभी थानों में निरुद्ध बंदियों के लिए कंबल उपलब्ध कराकर थाना प्रभारियों को किया सम्मानित

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) समाजसेवी राजन पांडेय ने अपने पुत्र जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडे को भेजकर सभी थानों पर कंबल उपलब्ध कराया तथा सभी थानाध्यक्षों को साल तथा डायरी व मिठाई दकर नए साल की शुभकामनाएं दी है।इस मौके पर राजन पांडेय ने कहा कि डीएम और एसएसपी महोदय अपने कर्तव्य के प्रति सजग निष्ठावान गरीब और मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए तत्पर रहते हैं हमारे दोनों अफसरों ने जिस तरह से पूरे जिले में विभिन्न विषम परिस्थितियों को संभाला है उसके लिए आप बधाई के पात्र हैं आप के सानिध्य में ही जिले के सारे थाना अध्यक्ष पूरी ईमानदारी और निष्ठा से काम कर रहे हैं।समाजसेवी राजन ने आगे कहा आज हमारे जिले में शांति तथा अमन–चौन है तो पुलिस विभाग की वजह से है इसलिए पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी का सम्मान हमेशा होना चाहिए इससे उनका मनोबल बढ़ेगा।इसके साथ ही साथ वे और अच्छा काम करेंगे।राजन ने कहा समाज में अपराध और अपराधी तभी दुरुस्त होंगे जब हम और आप पुलिस के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।

## गलन भरी सर्दी में नगर पालिका के संवेदनहीन रवैये से गरीब असहाय लोगो को नहीं हो सका कंबल वितरण

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)गलन भरी सर्दी में नगर पालिका के संवेदनहीन रवैए की वजह से गरीब असहाय लोगो को इस वर्ष कंबल का वितरण नहीं हो सका।मिली जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर 2021 को नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मिति से 5000 कंबल क्रय करने का प्रस्ताव पारित किया गया था और अधिशाषी अधिकारी को यह अधिकृत किया गया था कि 15 नवंबर तक कंबल क्रय करने की सारी प्रक्रिया पूरी कर ले जिससे माह दिसम्बर में कंबल का वितरण सुनिश्चित हो सके लेकिन ज्ञात हुआ है कि पालिकाध्यक्ष अपने किसी परिचित व्यवसाई को यह टेंडर दिलाना चाहते थे पर अधिशाषी अधिकारी जैम पोर्टल से टेंडर पर अड़े थे।नामित सभासद दुर्गेश चन्द्र श्रीवास्तव का आरोप है कि पालिका अध्यक्ष एवम अधिशाषी अधिकारी की आपसी खींचातानी एवम सामंजसय न बन पाने के कारण कंबल खरीदने की प्रक्रिया समय पर नहीं हो सकी।प्रस्ताव पास होने के बावजूद समयानुसार कंबल क्रय करने की प्रक्रिया न होने पर जहाँ एक ओर नगर के गरीब एवम असहाय लोग वँचित रह गए वहीं अधिशाषी अधिकारी द्वारा सभासदों एवम पालिका बोर्ड का घोर अपमान किया है।इस चुनावी वर्ष विधानसभा तथा प्रस्तावित नवंबर माह में नगर पालिका चुनाव में वार्डों में कंबल वितरण न होने से सभासदों में रोष व्याप्त है।इस संबंध में नामित सभासद दुर्गेश चन्द्र श्रीवास्तव ने पालिका अध्यक्ष एवम अधिशाषी अधिकारी पर जनता के हित को अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए पत्र महामहिम राज्यपाल, जिलाधिकारी अयोध्या सहित सांसद अयोध्या व विधायक रुदौली को लिखित रूप से दिया है।

## पार्टी विधानसभा चुनाव आंदोलन की तर्ज पर लड़ेगी–सूर्यकान्त

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)अयोध्या विधानसभा से भाकपा प्रत्याशी सूर्य कांत पाण्डेय ने कहा कि पार्टी विधानसभा चुनाव आंदोलन की तर्ज पर लड़ेगी।पार्टी की जिला कौसिंल की बैठक में उन्होंने कहा कि अयोध्या को नागपुर की प्रयोगशाला बनाने के षड्यंत्रों का पर्दाफाश भाकपा ही कर सकती हैं।उन्होंने कहा कि उदारवादी हिन्दुत्व की राजनीति करनेवाले लोग कट्टरपंथियों के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ सकते है, वही श्री पाण्डेय ने कहा कि भाकपा अयोध्या की गंगा जमुनी तहजीब को बनाए रखने के लिए सिलसिलेवार कार्रवाई करेगी।पार्टी के राज्य कौसिंल के सदस्य अशोक तिवारी के आवास पर सम्पन्न बैठक की अध्यक्षता ओमप्रकाश यादव ने किया।बैठक में फैसला करके राज्य पार्टी से बीकापुर विधानसभा में चुनाव लडाध्ने का प्रस्ताव भेजा गया।पार्टी सदस्यता का नवीनीकरण हेतु अंतिम तारीख31 जनवरी निर्धारित किया गया।बैठक में अयोध्या में प्रत्याशी को पूरे दमखम से लड़वाने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में संपूर्णानंद बागी, अनिरुद्ध मौर्या, रामकृपाल जायसवाल, अवधेश निषाद, बद्रीनाथ यादव अखिलेश चतुर्वेदी, राजकपूर,याशोदा सिंह सहित अन्य कौसिंल के सदस्य मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामअचल वर्मा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट का जाना बाजार में हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के जाना बाजार के समीप बसंती का पूरा बाग में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामअचल वर्मा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन किया गया।इसका उद्घाटन मैच स्टार कोचिंग क्लासेज व जाना बाजार के बीच में खेला गया।जहाँ जाना की टीम ने पहली पारी में बैटिंग करते हुए 41 रनों से मैच जीत लिया।खेल का उद्घाटन विधानसभा गोसाईगंज क्षेत्र के पूर्व विधायक अभय सिंह के साले पप्पू सिंह ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया। अतुल कुमार के अनुसार छह दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में दर्जनों टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। समापन भव्य समारोह पूर्वक पुरस्कार वितरण के साथ सप्तम दिवस को होगा।थाना क्षेत्र हैदरगंज के जाना बाजार बसंती का पूरा कि बाद में आयोजित उद्घाटन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता राम जन्म वर्मा व संचालन शेर बहादुर शेर ने किया। उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि पप्पू सिंह ने कहा खिलाड़ियों को खेल खेल की भावना से खेलना चाहिए। आपस में सामाजिक सौहार्द पैदा करता है। मुख्य अतिथि के साथ इस मौके पर भारत वर्मा, विवेकानंद वर्मा, सियाराम वर्मा, रंजीत अली, दलजीत, विजय ,धर्मवीर वर्मा, बकरीदी के अलावा अन्य संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। आयोजक समिति के अध्यक्ष अतुल वर्मा, उस्मान भाई, अर्पण बर्मा , सुमित, प्रदीप ,अरुण आदि युवाओं ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बताया की क्षेत्र के जाना, हैदरगंज ,पछियाना, दुबे का पुरवा, कटौना सहित एक दर्जन से ज्यादा टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आजाद हिंद फौज के लांस नायक रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामअचल बर्मा की यादगार में आयोजित किया जाता है सातवें दिन भव्य समारोह के साथ खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए समापन किया जाएगा।

## समाजवादी विचारधारा का प्रचार प्रसार उनका मकसद – गंगा सिंह

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) समाजवादी विचारधारा का प्रचार प्रसार के साथ गरीब दलित पिछड़ों में राजनीतिक चेतना पैदा करना उनका मकसद बन चुका था उक्त बातें सपा जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया पर गुलाबबाड़ी पर आयोजित कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर बोल रहे थे श्री यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर अपने मुख्यमंत्री काल में सामाजिक न्याय पिछड़ों को प्रतिनिधि 5 एकड़ जमीन का लगान माफ करने की शुरुआत सबसे पहले की थी उनके द्वारा किए जा रहे पिछड़ों के प्रतिनिधित्व देने के काम काम से उनको तमाम तरह के अपमान झेलने पड़े थे लेकिन व डीगे नहीं और उनको अधिकार दिलाया श्री यादव ने बताया कर्पूरी ठाकुर ने अपने मुख्यमंत्री काल में पिछड़े और अति पिछड़े को सरकारी नौकरी में आरक्षण लागू किया आठवीं तक की शिक्षा मुक्त की थी ऐसे तमाम सामाजिक राजनीतिक परिवर्तन अपने मुख्यमंत्री काल में किया जो आज भी समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता हैं सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव बताया कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उनके मुख्यमंत्री कॉल में किय गए ऐतिहासिक कार्यो पर चर्चा करके समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए आगामी विधानसभा में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष बाबूराम गौड महानगर महासचिव हामिद जफर मीसम प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव वरिष्ठ नेता जाकिर हुसैन पाशा पार्षद नौशाद राइन रमेश यादव राकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## बाहरी प्रत्याशी उतारने की चर्चा से सपाइयों में आक्रोश

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के तहसील रूदौली विधानसभा मे एक बाहरी नेता के रूदौली से सपा प्रत्याशी होने की चर्चा से क्षेत्र के हजारों सपा कार्यकर्ता आक्रोशित हो गयें हैं यदि सपा हाईकमान ने ऐसी गलती कर दी तो उसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ सकता है।रूदौली क्षेत्र के सपा कार्यकर्ता किसी बाहरी प्रत्याशी को बर्दाश्त नही करेंगे।सपा ब्लाक अध्यक्ष रिहान खाँ ने कहा की रूदौली विधानसभा मे सपा के कई ऐसे नेता है जो भाजपा से चुनाव लडकर सपा के पक्ष मे परिणाम ला सकते है पाँच साल लगातार जनता के सुख दुख मे शामिल रहने वाले नेताओ को दरकिनार कर बाहरी व्यक्ति के सपोर्ट हम लोग नही कर पायेंगे।इसका हजारो कार्यकर्ता विरोध करेंगे।ब्लाक अध्यक्ष रूदौली विंध्याचल सिंह ने कहा बाहरी उम्मीदवार का विरोध होगा हमारी विधानसभा मे चुनाव लडने वाले नेता मौजूद है हमे बाहरी नही चाहिए।पूर्व ब्लाक प्रमुख निशात अली खाँ ने कहा लगातार पाँच वर्ष पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा का जुल्म और ज्यादती झेली है उस समय स्थानीय नेताओ ने लोगो की मदद की अब पार्टी बाहर से उम्मीदवार स्थानीय नेताओ व कार्यकर्ताओ की अनदेखी कर रही है इसका विरोध तो होगा ही।भूतपूर्व विधायक मरहूम इश्तियाक अहमद खाँ के दामाद अबसार हुसेन ने कहा रूदौली विधानसभा से बहुत लोग विधानसभा चुनाव लडने की क्षमता रखते है इनको नजरअंदाज करके बाहर के व्यक्ति को चुनाव लडाने का सपा के कार्यकर्ता विरोध करेंगे।सपा लोहियावाहिनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य फरहान हुसेन ने कहा पार्टी नेतृत्व अपने कार्रकर्ताओ व नेताओ की राय को मानकर ही उम्मीदवार देना चाहिए जिससे जिससे इस लड़ाई मे हमे अपने लोगो का समर्थन मिले।सपा अल्पसंख्यक प्रदेस सचिव शमीम खाँ ने कहा बाहरी व्यक्ति को सपा के नेता कबूल नही करेंगे।सपा नेता त्रिलोक यादव ने कहा हम सबके सुख दुख मे यहाँ के लोग रहते हैं बाहर के व्यक्ति आयेंगे चुनाव लडकर चले जायेंगे इसका हम समर्थन नही करेंगे।रामलखन यादव ने कहा पार्टी नेतृत्व को स्थानिय नेता को चुनाव लडाना चाहिए बाहरी का समर्थन यहा नही होगा।मो0 अलीम उर्फ गुड्डू प्रधान ने कहा यह बाहरी व्यक्ति की आने की खबर से हम सब लोग हतप्रभ है ऐसा होने पर पार्टी का नुकसान होगा।जिला सचिव अल्पसंख्यक सिराज शाह ने कहा बाहरी उम्मीदवार का विरोध होगा।कल्लन प्रधान ने कहा पार्टी नेतृत्व को कार्यकर्ताओ की मंशानुरूप उम्मीदवार देना चाहिए।इस सम्बंध मे सपा नेता अब्दुल हई खान एडवोकेट,पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामनरेश गुप्ता,कल्लू सिंह,गुल्लू सिंह,एहशाम अली खाँ,धर्मराज निषाद,विकाश रावत,अभय यादव,राम मूरत यादव,खुशीराम यादव,सचिन शर्मा,जैनुल रामपुर सहित हजारों नेता व कार्यकर्ता बाहरी उम्मीदवार के आने की खबर से विरोध दर्ज करा रहे है अब देखना यह पार्टी नेतृत्व सपा के अपने नेताओ व कार्यकर्ताओ की मंशानुरूप फैसला लेता है या बाहरी उम्मीदवार देकर अफवाह मे उड रही खबर को पुष्टि करती है एक बात तो तय है सपा अपने नेताध्ओ के विरोध व कार्यकर्ताओं के विरोध को नही रोक पायेगी।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।